पांच दिवसीय योग शिविर प्रारंभ

बूंदी (निसं)। चूडी बाजार स्थित भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा योग माहेश्वरी पंचायत नोहरे में अखिल शिविर का आज शुभारंभ हुआ।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-1206 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-20.06.2023

आवास संख्या 2-टी-15 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती निर्मला कुमारी शर्मा पुत्री श्री नन्द लाल शर्मा को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती निर्मला कुमारी शर्मा पुत्री श्री नन्द लाल शर्मा द्वारा दिनांक 28.09.1991 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरान्त श्रीमती निर्मला कुमारी शर्मा पुत्री श्री नन्द लाल शर्मा द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 13.08.1991 को श्री ग्यारसीराम पुत्र श्री कंवर लाल को अपना मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री ग्यारसीराम पुत्र श्री कंवर लाल द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बेचान जरिये बैयनामा आलेखित कर दिनांक 19.11.1991 को श्रीमती भंवरी बाई पत्नी श्री सूरज मल को किया गया। श्रीमती भंवरी बाई पत्नी श्री सूरज मल द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 11.02.2005 को श्रीमती आशा सिंहल पत्नी श्री अशोक कुमार सिंहल को अपना मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती आशा सिंहल पत्नी श्री अशोक कुमार सिंहल द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.03.2005 को श्री अशोक कुमार सिंहल पुत्र श्री पूनम चन्द सिंहल को किया गया। श्री अशोक कुमार सिंहल पुत्र श्री पूनम चन्द सिंहल द्वारा उक्त आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र आलेखित कर दिनांक 03.05.2023 को श्रीमती चेतना जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्री श्री पूनम चन्द सिंहल को किया गया। श्रीमती चेतना जैन पत्नी श्री महावीर साद जैन पुत्री श्री नम चन्द सिंहल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में अपना नाम उपहार पत्र के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र के आधार पर श्रीमती चेतना जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्री श्री पूनम चन्द सिंहल के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र के आधार पर श्रीमती चेतना जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्री श्री पूनम चन्द सिंहल के नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र के आधार पर श्रीमती चेतना जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्री श्री पूनम चन्द सिंहल के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-एफ-15/कृ.भू.रू./20023/377 दिनांक-20.06.2023

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना शक्ति विहार खसरा नं. 304 में स्थित भूखण्ड संख्या ए-12, आवेदक/आवेदिका श्रीमती मीना कुमारी शर्मा पत्नि श्री राजेश कुमार शर्मा निवासी म.नं. 183 प्रताप नगर प्रथम, देवली अरब रोड बोरखेडा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 56 दिनांक 08.04.2023 को श्री सुनील सोनी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सोनी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.05.2023 को जर्ये मुख्तारआम श्रीमती ललिता गुप्ता पत्नि श्री हरिकृष्ण गुप्ता द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती मीना कुमारी शर्मा पत्नि श्री राजेश कुमार शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उप सचिव
नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-एफ11 विक्रय/2023/433 दिनांक-20.06.2023

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा आवास संख्या 819 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 24 दिनांक 06.08.2001 को श्री श्याम लाल शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल के नाम आवंटन किया गया था। श्री श्याम लाल शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री दौलत राम गोठानिया पुत्र श्री मांगीलाल गोठानिया द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.09.2020 को श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 819 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-एफ11 विक्रय/2023/434 दिनांक-20.06.2023

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा आवास संख्या 817 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 214 दिनांक 09.08.2001 को श्रीमती शमीम पुत्र श्री अब्दुल रफीक के नाम आवंटन किया गया था। श्रीमती शमीम पुत्र श्री अब्दुल रफीक द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री दौलत गोठानिया पुत्र श्री मांगीलाल गोठानिया द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.09.2020 को श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 817 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत राम गोठानिया के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-एफ11 विक्रय/2023/435 दिनांक-20.06.2023

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा आवास संख्या 815 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 198 दिनांक 08.08.2001 को श्री मोहम्मद लुकमान पुत्र श्री मोहम्मद उसमान के नाम आवंटन किया गया था। श्री मोहम्मद लुकमान पुत्र श्री मोहम्मद उसमान द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती स्नेह लता गोठानिया पत्नी श्री दौलत गोठानिया द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.09.2020 को श्री दौलत राम गोठानिया पुत्र श्री मांगी लाल गोठानिया को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री दौलत राम गोठानिया पुत्र श्री मांगीलाल गोठानिया द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 815 विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री दौलत राम गोठानिया पुत्र श्री मांगी लाल गोठानिया के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक- 976 दिनांक- 08.06.2023

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना के भूखण्ड संख्या 376 का आवंटन मैसर्स दिल्ली शाहपुरा रोड लाईन्स प्रो. श्री जगदीश प्रसाद एवं महेन्द्र कुमार शर्मा आवंटन क्रमांक 374 दिनांक 30.04.2001 को किया गया था। आवंटी श्री जगदीश प्रसाद एवं महेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तारआम श्री राजकुमार पुत्र स्व. श्री बलराम को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री राजकुमार पुत्र स्व. श्री बलराम द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 376 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.04.2004 से श्री गुरूमीत सिंह पुत्र श्री बख्शीश सिंह को विक्रय कर दिया है। विक्रय उपरान्त क्रेता श्री गुरूमीत सिंह पुत्र श्री बख्शीश सिंह के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड 376 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना का हस्तान्तरण श्री गुरूमीत सिंह पुत्र श्री बख्शीश सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक- 749 दिनांक- 15.06.2023

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखण्ड/आवास संख्या 113 गणेश नगर योजना में आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 08.11.2005 को श्री सत्यनारायण यादव पुत्र श्री रामपाल सिंह यादव के नाम से विक्रय/आवंटन किया गया था।/ आवंटी श्री सत्यनारायण यादव पुत्र श्री रामपाल सिंह यादव द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम कीर्ति बिल्डमार्ट प्रा.लि. जर्ये डायरेक्टर सत्यनारायण पुत्र श्री कन्हैया लाल जी व कीर्ति खण्डेलवाल पत्नि श्री सत्यनारायण के द्वारा जर्ये रजिस्र्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.10.2019 को श्री धन्नालाल पुत्र श्री कजोडलाल को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 113 कार्नर योजना गणेश नगर का नाम हस्तान्तरण श्री धन्नालाल पुत्र श्री कजोडलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान जूनियर बालक-बालिका वुशू प्रतियोगिता का आगाज

- प्रथम दिन सांशु और तालु इवेंट के मैच हुए आयोजित
- 'हार और जीत दोनों खेल का हिस्सा'

कोटा (निसं)। राजस्थान वुशू एसोसिएशन एवं अकलंक समूह के तत्वाधान में कोटा में मंगलवार को राज्य स्तरीय 17वीं राजस्थान जूनियर बालक-बालिका वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रथम दिन वुशू प्रतियोगिता में सांशु के 30 एवं तालु इवेंट के 15 मैच आयोजित किए गए। संयोजक विकास जैन अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संदीप शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथी ,वुशू फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष हीरानंद कटारिया,सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जी नांता,कार्यध्यक्ष जे के जैन,महावीर जैन,रत्न लाल जैन, महाबली स्पोर्ट के अध्यक्ष नारायण गुर्जर,जगदीश जिंदल,योगेन्द्र नंदवाना अल्कू,राकेश जैन,विकास शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन कोटा वुशू एसोसिएशन के सचिव अशोक गोतम ने किया। राकेश जैन, कपिल जैन,पीयूष जैन व एश्वर्य जैन ने अतिथियों को माल्यपर्ण कर स्वागत किया।

हार और जीत दोनों खेल का हिस्सा:- मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने खिलाडियों को जीवन मंत्र देते हुए कहा कि खेल की प्रकृति ऐसी होती है कि हर खिलाडी कभी न कभी जीत और हार दोनों का अनुभव करता है। हार और जीत दोनों खेल का हिस्सा हैं और वे हमेशा एक खिलाड़ी को प्रभावित करते हैं।

खिलाडियों के जीवन में सफलता और हार दोनों का महत्व होता है। अगर खिलाड़ी कभी हार मान लेता है और सीखता है, तो उसे अपनी कमियों को सुधारने का मौका मिलता है और वह आगे बढ़ने के लिए मजबूत होता है। इसी तरह, जीत उन्हें आत्मविश्वास और संतोष प्रदान करती है और उन्हें अगले मुकाबले के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा देती है।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का एक साधन होता है, बल्कि यह जीवन में अनेक महत्वपूर्ण मानवीय गुणों को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। विमल नांता एवं जे के जैन ने अपने उद्बोधन में अकलंक समूह की प्रशंसा करते हुए वूशू के तैयारियो देखा व सरहाया। उन्होने कहा कि खेल अनुशासन से हम दृढ़ता, समर्पण, धैर्य, सहनशीलता, सहनशीलता, संयम, और उत्साह जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाता हैं।

अंकलक खेलो के विकास का समर्पित:- संयोजक विकास जैन अजमेरा ने कहा कि खेलों के विकास के लिए अंकलन समूह तत्पर है आज शहर के गौरव की बात है कि कोटा को राज्य स्तरीय 17वीं राजस्थान जूनियर बालक-बालिका वुशू प्रतियोगिता की मेजबानी प्राप्त हुई है।

अकलंक स्कूल व कॉलेज में खेल गतिविधियो को प्रमुखता से संचालित किया जाता है। वुशू प्रतियोगिता तैयारियों में सचिव राकेश जैन,कोषाध्यक्ष कपिल जैन,उपाध्यक्ष अनिमेष जैन,वीरन्द्र जैन,पीयूष जैन,एश्वर्य जैन,सह सचिव उमेश जैन सहित कार्यकारणी सदस्य 16 सदस्य सक्रियता से कार्य किया है। सभी खिलाडियों के आवास व भोजन सहित सुविधाओं को अकलंक परिसर एवं जैन जनउपयोगी सहित अन्य परिसरो में पूरा किया जा रहा।

राजस्थान को सर्वाधिक मैडल:- एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हीरानंद कटारिया अपने उद्बोधन में कहा कि वुशू खेल की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। वुशू में राजस्थान के खिलाडी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर रहे। राजस्थान देश में सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने वाला राज्य है और सर्वाधिक राजकीय नौकरी भी राजस्थान के वुशू खिलाडियों को खेल कोटे में प्राप्त हुई है। उन्होने बताया कि वर्ष 2008 में राजस्थान को नेशनल मेडल कोटा के भूपेन्द्र कुमार ने दिलवाया था। 2013 में पहला अंतरराष्ट्रीय खिलाडी बोरखेडा कोटा निवासी महिपाल सिंह थे उन्होंने 7वीं यूनियर एशियन चैम्पियनशिप - 2013 फिलीपींस में पहला अंतरराष्ट्रीय पदक दिलवाया था। कोटा दिव्यांशी हाल ही में वर्ल्ड चैम्पियनशिप खेल चुकी है। गत 4 साल से लगातार गोल्ड मेडलिस्ट है।

सांशु और तालु इवेंट के मैच हुए आयोजित:- संयोजक कपिल जैन एवं राकेश जैन ने बताया कि सांशु व तालु के मैचों का आयोजन प्रथम किया गया जिसमें विभिन्न जिलों के खिलाडियों ने जमकर प्रदर्शन किया। सांशु के व्यक्तिगत मैच आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 30 मैचो को आयोजन किया गया।प्रथम दिन बालक वर्ग मे अंडर-17 बालक वर्ग में 45 किलों, 48किलों, 52किलों, 56किलों, 60 किलो, 65किलो, 70किलों, 75 किलों, 80 किलों भार वर्ग के मैच आयोजित किए गए।

जिसमें जयपुर, अजमेर, टोक, बूंदी, जालौर,नागौर, धौलपुर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, अलवर, सीकर व हनुमानगढ के खिलाडियों के हिस्सा लिया। जयपुर व हनुमानगढ के प्रतिभागी अन्य जिलों के प्रतिभागियों पर भारी पड़ें।बधुवाल को टीम मैच व बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगीं इसी प्रकार तालु इवेंट के प्रथम दिन 14 मैच आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने तलवार, नान चाकू, हेंड वेपन,लॉग वेपन, सिंगल,डबल और फ्लेसिंबल वेपन से तालु प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखाया।

सार-समाचार

रंधावा मामले में फैसला 6 जुलाई को

कोटा, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के खिलाफ भाजपा विधायक के परिवाद मामले में 6 जुलाई को कोर्ट अपना निर्णय सुनाएगी। कोर्ट ने 12 जून को बहस सुनने के बाद आज आदेश की तारीख दी है। समय के अभाव की वजह से आज निगरानी याचिका के मामले में निर्णय नहीं हो सका। विधायक मदन दिलावर के वकील मनोज पुरी ने बताया कि कोर्ट ने 20 जून को ऑर्डर की तारीख तय की है। 12 जून को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में से संबंधित कानून कानूनी दलील पेश की थी। कोर्ट का समय सुबह का होने के कारण दोनों पक्षों की ओर से पेश कानूनी दलीलों पर विवेचन करने का समय नहीं मिलने के कारण ऑर्डर की अगली तारीख दी गई है। ज्ञात रहे की रामगंजमंडी विधायक मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर कोर्ट में इस्तगाचा पेश किया था।

दो दिवसीय शिविर आज से

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोटा उत्तर के क्षेत्र में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जा रहे मंहगाई राहत शिविर एंव प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के शिविर आयोजन के तहत नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र में बुधवार से वार्ड नं. 19, 36 व 47 के नागरिकों के लिए दो दिवसीय शिविरों का शुभारम्भ होगा। इन शिविरों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आमजन के पंजीकरण किए जाएंगे व मौके पर ही गारंटी कार्ड जारी किए जाएंगे। कोटा उत्तर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि 21 व 22 जून को वार्ड वाईज आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिविरों के तहत वार्ड नम्बर 19 के नागरिकों के लिए शिविर सामुदायिक भवन नया नोहरा यूआईटी, वार्ड नं. 36 के नागरिकों के लिए शिविर आफताब मदरसा करबला तथा वार्ड नम्बर 47 के नागरिकों के लिए शिविर क्षेत्रीय सेक्टर कार्यालय में आयोजित होगें। उन्होंने बताया कि शिविरों का संचालन प्रातः 10 से सांय 6 बजे तक रहेगा।

आज पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी

कोटा (निसं)। नगर विकास न्यास द्वारा सीएडी सर्किल चौराहे पर 350 एमएम व्यास की पाइपलाईन के इन्टर कनेक्शन कार्य के चलते बुधवार को प्रातः 11 से रात्रि 1 बजे तक पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी। गुरूवार 22 जून को प्रातः 10 बजे से सामान्य कम दबाव के साथ जलापूर्ति की जाएगी। अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी भारतभूषण मिगलानी ने बताया कि सीएडी सर्किल पर उक्त कार्य के कारण शहर के दादाबाडी, दादाबाडी विस्तार योजना, जवाहरनगर, किशोरपुरा, अधरशिला, वक्फनगर, प्रतापनगर, शास्त्री नगर, शक्ति नगर, शिवपुरा, हनुमान बस्ती के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बुधवार 21 जून को रात्रि 1 बजे से 22 जून को प्रातः 10 बजे तक पेयजल आपूर्ति कम दबाव में रहेगी, इसके बाद सामान्य की जाएगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से 21 जून को प्रातः काल की सप्लाई के समय में ही आवश्यकतानुसार पेयजल संग्रहण करने का अनुरोध किया है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिन्दूओं की आस्था से खिलवाड़ करना बन्द करें : दिलावर

कोटा (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं रामगंजमण्डी विधायक मदन दिलावर ने हाल ही में सर्व हिन्दू समाज द्वारा किये गये आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि कोटा शहर में बकरा मण्डी के सामने नई सडक बनाने के नाम पर भैरू जी महाराज के चबूतरे पर विराजित प्रतिमाओं को हटाकर एवं चबूतरे को तोडकर सरकार की शह पर जिला प्रशासन ने हिन्दूओं का अपमान ही नही किया बल्कि उनकी आस्थाओं का गला घोंटा है जिसकी जितनी निदा की जाये उतनी कम है।

दिलावर ने कहा कि सरकार को व सरकार के कारिन्दों को सीएडी चौराहे से घोडे वाले बाबा चौराहे के बीच सडक पर बनी हुई मजारे नजर नहीं आ रही इन मजारो से आये दिन गंभीर दुर्घनाऐं हो रही है लेकिन कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति के कारण स्थानीय प्रशासन भी मौन है यदि कोई जिला अधिकारी उन मजारों को बीच सडक से हटाने की बात करता है तो उसका तबादला रातों रात कर दिया जाता है। इसलिए अधिकारी भी उस दुर्घटना प्वाईन्ट को लेकर चुप्पी साधे बैठे हुए है इतना ही नही जेडीबी कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर बनाई गई मस्जिद जिसके कारण से कॉलेज में पढने वाली छात्राओं को हमेशा खतरा बना रहता है।

क्योंकि ना जाने कब उस मस्जिद से आंतकवादी घटनाऐं घट जाये कोई भरोसा नही है, सरकार की शह पर रातों रात नई मजारे बन जाती है इस बात को लेकर प्रशासन के संज्ञान में बात लाई जाती है तो वे भी कांग्रेस की भाषा में जवाब देकर हिन्दूओं को चुप करवा देते है।

दिलावर ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि भैरू जी के चबूतरे का अविलम्ब पुर्ननिर्माण करवाकर उसी स्थान पर मूर्तियों की स्थापना की जावे इसी प्रकार निर्माणाधीन चम्बल रिवर फ्रन्ट पर सैंकडो वर्षो पुरानी भगवान शिव सहित अन्य देवताओं की खुदाई के समय निकली हुई मूर्तियों को भी पुर्न स्थापित किया जावे। यदि जिला प्रशासन ने यह कार्यवाही समय रहते नही की तो समस्त हिन्दू समाज सडक पर आकर आंदोलन को मजबूर होगा साथ ही जिला अधिकारियों को भी उनके कक्ष में बैठने नहीं दिया जावेगा।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
कॉनकॉर CONCOR
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
एनएसआईसी न्यू एमडीबीपी बिल्डिंग, दूसरा तल, ओखला इंड. एस्टेट (एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन के सामने), नई दिल्ली-110020

निविदा सूचना (केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से)

आईसीडी/कोटा (राजस्थान) में 24 माह के लिए सब स्टेशन एवं विद्युत संस्थापनाओं से संबंधित सेवाओं हेतु एकल बोली प्रणाली में केवल ऑनलाइन टेंडरिंग मोड के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र केवल रु. 1,000/- का भुगतान करके वेबसाइट (www.tenderwizard.com/CCIL) से ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा संख्या	CON/AREA-1/TECH/ELECT/KOTA/2023
अनुमानित लागत	रु. 21,14,613/- (जीएसटी सहित)
अनुबंध की अवधि	24 माह (खंड-II की शर्त-6 के अनुसार)
धरोहर जमा राशि*	रु. 42,292/- (ई-पेमेंट के माध्यम से) खंड-I की शर्त-2.1 (a) के अनुसार
दस्तावेज का मूल्य*	रु. 1,000/- सभी करों एवं प्रभारों सहित ई-पेमेंट के माध्यम से
निविदा प्रक्रिया शुल्क*	रु. 1,248/- (18% जीएसटी सहित) ई-पेमेंट के माध्यम से जो कि अप्रतिदेय है
बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	21.06.2023 को 15:00 बजे से 11.07.2023 को 16:00 बजे तक
जमा करने की तिथि व समय	12.07.2023 को 15:00 बजे तक (केवल ई-टेंडरिंग माध्यम)
खुलने की तिथि व समय	13.07.2023 को 15:30 बजे

*ई-भुगतान के माध्यम से।
कॉनकॉर के पास बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सम्पूर्ण विवरण हेतु www.tenderwizard.com/CCIL पर लॉग ऑन करें। समूह महाप्रबंधक/तकनीकी (क्षेत्र-1)

अनुप्रति योजना से किसान का बेटा भी डॉक्टर व इंजीनियर बनेगा

कोटा (निसं)। राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को शैक्षिणक सुविधा प्रदान करने में सहायता के लिए शुरू की गई अनुप्रति योजना किसान एवं गरीब परिवारों के बच्चों के लिए सपने साकार करने वाली साबित हो रही है। कोटा में रहकर नीट व जेईई की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को योजना की बदौलत कोचिंग फीस व हॉस्टल में रहने की सहायता मिलने से किसान परिवार के गोविंद मीणा का डॉक्टर बनने तथा गरीब परिवार के शिवा उपमय को इंजीनियर बनने का सपना साकार हुआ है।

उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ओपी तोषनीवाल ने बताया कि अनुप्रति योजना की सहायता से ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जो कोचिंग संस्थानों के माध्यम से उच्च शिक्षा के सपने को साकार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मोशन कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत् झालावाड निवासी गोविंद मीणा के पिता बाबूलाल गांव में खेती करते हैं तथा निरक्षर हैं। उसने बेटे को डॉक्टर बनाने सपने के साथ कोटा में कोचिंग प्राप्त करने भेजा जिसे विभाग द्वारा सम्पूर्ण कोचिंग फीस एवं आवास के लिए 40 हजार रूपये की हॉस्टल फीस की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि गोविंद मीणा ने प्रथम प्रयास में ही देशभर में एसटी कैटेगिरी में 71 रैंक प्राप्त कर सपना साकार किया है।

उप निदेशक ने बताया कि भरतपुर जिले के शिवा उपमय गरीब परिवार का विद्यार्थी है। वह कोटा में इंजीनिरयर बनने का सपना लेकर मोशन कोचिंग संस्थान में आया जहां अनुप्रति योजना में उसका चयन होने पर कोचिंग व हॉस्टल की फीस सरकार द्वारा सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शिवा को जेईई मेन में 99 परसेन्टाइल तथा जेईई एडवान्स में देशभर में 747वीं रैंक प्राप्त हुई है।

छात्र गोविंद मीणा ने अनुप्रति में सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अनुप्रति योजना की सहायता से ही उसका डॉक्टर बनने का सपना साकार हुआ है। पिता खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। कोटा में कोचिंग व आवास के लिए ऋण लेना पडता, सरकार की सहायता से अब वह डॉक्टर बन सकेगा।



भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India THE BANKER TO EVERY INDIAN

तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा, तीसरी मंजिल, मेट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर- 302004, फ़ोन:+91-141 -2657989, +91-141 2657926, 2657921, Email:-Sbi.18184@sbi.co.in

"परिशिष्ट - IV - क" {नियम 8(6) सहपठित नियम 9 (1) का परन्तुक देखें }

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) सहपठित नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी **श्री मांगी लाल मीणा पुत्र श्री घासी लाल मीणा, श्रीमती पुष्पा बाई मीणा पत्नी श्री मांगी लाल मीणा एवं मैसर्स शिवम् ट्रेडिंग कम्पनी जरिये प्रोपराइटर श्री मांगी लाल मीणा** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित/बन्धक है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राजस्थान)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, प्रतिभूत लेनदार द्वारा **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध है"** और **"दायित्व रहित** के आधार पर दिनांक 11.07.2023 को बेचा जायेगा। **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राजस्थान)**, प्रतिभूत लेनदार के आवास ऋण खाता श्री मांगी लाल मीणा पुत्र श्री घासी लाल मीणा एवं श्रीमती पुष्पा बाई मीणा पत्नी श्री मांगी लाल मीणा में बकाया राशि **रु. 40,47,613.71 दिनांक 31.10.2022 को एवं मैसर्स शिवम् ट्रेडिंग कम्पनी नकदी उधार खाते में बकाया राशि रू. 54,26,711.14 दिनांक 31.10.2022 कुल राशि रू. 94,74,324.85 (अक्षरे चौरानवें लाख चौहत्तर हजार तीन सौ चौबीस एवं पैसा पिचयासी मात्र) दिनांक 31.10.2022 को बकाया एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे इत्यादि अतिरिक्त है।** आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि निम्न तालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक / एमएसटीसी की वेब साइट पर दी गई प्रक्रिया अनुसार ई- नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

अचल सम्पत्ति का ब्यौरा	आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि	नीलामी दिनांक एवं समय
1. **श्री मांगी लाल मीणा पुत्र श्री घासी लाल** की एक आवसीय सम्पत्ति जो कि **प्लाट नम्बर 60, मधुवन कॉलोनी, अकलेरा, जिला झालावाड़, राजस्थान 326033** पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढ़ांचा आदि सभी सम्मिलित है, जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसका कुल क्षेत्रफल 25' x 40 = 1000.00 वर्गफीट है। उसकी चारों सीमाएं निम्नानुसार है:- **उत्तर में:** श्री भैरू लाल मीणा का मकान, **दक्षिण में:** श्री होकम चन्द तमौली का मकान, **पूर्व में:** रोड़ 20 फीट, **पश्चिम में:** प्लाट संख्या 41	रुपये 16.50 लाख रुपये 1.65 लाख	
2 (अ) **श्री मांगी लाल मीणा पुत्र श्री घासी लाल** की एक आवसीय सम्पत्ति जो कि **प्लाट नम्बर 63, मधुवन कॉलोनी, अकलेरा, जिला झालावाड़, राजस्थान 326033** पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढ़ांचा आदि सभी सम्मिलित है, जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसका कुल क्षेत्रफल 25'x50' : 1250.00 **वर्गफीट है। उसकी चारों सीमाएं निम्नानुसार है :- पूर्व में:** श्रीमती संगीता देवी का प्लॉट, **उत्तर में:** श्री मंजुर अली का प्लॉट, **पश्चिम में:** 20 फीट रोड **दक्षिण में:** 20 फीट रोड 2 (ब) **श्री मांगी लाल मीणा पुत्र श्री घासी लाल** की एक आवसीय सम्पत्ति जो कि **प्लाट नम्बर 64, मधुवन कॉलोनी, अकलेरा, जिला झालावाड़, राजस्थान 326033** पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढ़ांचा आदि सभी सम्मिलित है, जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसका कुल क्षेत्रफल 25'x50' = 1250.00 **वर्गफीट है। उसकी चारों सीमाएं निम्नानुसार है:- पूर्व में:** श्री अब्दुल सलीम का प्लाट, **पश्चिम में:** श्री मांगी लाल का प्लाट, **उत्तर में:** श्री मंजुर अली का प्लाट, **दक्षिण में:** 20 फीट रोड	रुपये 42.50 लाख रुपये 4.25 लाख	11.07.2023, सुबह 11:00 से दोपहर 3:00
3. बंधक सम्पत्ति जो कि **प्लाट नम्बर 16, कृष्णा नगर कॉलोनी, अकलेरा, जिला झालावाड़, राजस्थान 326033** पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढ़ांचा आदि सभी सम्मिलित है, जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसका कुल क्षेत्रफल **30' x 35' = 1050.00 वर्गफीट** है। **पूर्व में:** रोड़, **पश्चिम में:** अन्य प्लाट, **उत्तर में:** अन्य प्लाट, **दक्षिण में:** अन्य प्लाट	रुपये 17.50 लाख रुपये 1.75 लाख	

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री- बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जमा कर सकते है। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियों को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें।

अन्य ऋण भार : ज्ञात नहीं

विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, मेट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर 302004 प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others & https://ibapi.in/Sale Info Home.aspx पर देखें।

दिनांक : 19.06.2023 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : अकलेरा **भारतीय स्टेट बैंक**

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मंगलवार को दो कंजरों को गिरफ्तार कर उनकी निषानदेही पर एक दर्जन चोरी की बाइक बरामद की।

सीआई छुट्टनलाल मीणा ने बताया कि 14 जून की रात को कडैयावन फाटक के निकट स्थित अमरलाल साहू के फार्म हाउस से हाली मोहनलाल बैरागी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोर यहां लगे सीसीटीवी में दिख गए। जिसमें से एक की पहचान किरण कंजर के रूप में की गई। पुलिस ने इस मामले में बापचा थाना क्षेत्र के बटावदापार निवासी राजपवन कंजर व कुंभराज थाना क्षेत्र के चिंता का डेरा निवासी विक्की कंजर को गिरफ्तार किया और इनकी निशानदेही पर बटावदापार गांव के निकट से खंडहर में छुपा कर रखी 12 बाइक बरामद की। जिसमें मोहनलाल बैरागी की चोरी गई बाईक भी शामिल है।

सीआई मीणा ने बताया कि चोरो ने चुराई बाईक कुंभराज सहित राजस्थान व मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों से चुराई हैं। बरामद हुई बाईकों की जांच की जा रही है।